भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1201
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

एकल इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

1201. **श्री मोहन सिंहः**

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पूरे देश में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा एक साथ और एक समान रुप से आयोजित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार सम्पूर्ण देश में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की असमान व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त करने के लिए कौन–कौन से कदम उठा रही है ?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क) से (ग) : इंजीनियरी संस्थाओं में दाखिले के लिए पर्सेन्टाइल फार्मूले के आधार पर सामान्य बनाए गए राज्य बोर्ड के परिणामों को वेटेज देने के साथ एक साझा राष्ट्रीय परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव है। राज्य, राज्य बोर्डों के अंकों को समुचित वेटेज देने के साथ उसी दाखिला पैटर्न तथा राज्य विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध इंजीनियरी संस्थाओं में राष्ट्रीय दाखिला परीक्षा को अपनाने अथवा अपनी मौजूदा प्रणाली को जारी रखने, जैसा भी वे उचित समझें, का निर्णय ले सकते हैं। केन्द्रीय शिक्षा संस्थाओं में दाखिले के लिए एक साझा परीक्षा वर्ष 2013 तक संचालित करने का प्रस्ताव है।

....